दिनांक 01.12.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई में कार्यरत् कर्मचारी जो 62 वर्ष की सेवाकाल पूर्ण करने के बाद दिनांक 30 नवम्बर 2017 को सेवानिवृत हुए इन सभी कर्मचारियों को पुरे सम्मान के साथ निगम परिवार की ओर से निगम उपायुक्त श्री आर.बी. चौहान की उपस्थिति में श्री फल स्मृति चिन्ह एवं सॉल भेंटकर सेवानिवृत हुए श्री भालचंद काले पिता श्री लक्ष्मीकांत नारायण काले सहायक राजस्व निरीक्षक, श्री दीपक श्रोती पिता श्री मनोहर प्रसाद श्रोती वाहन चालक, श्री बहुरदास पिता श्री चैनदास सफाई कामगार एवं श्री चिंताराम पिता श्री घनश्याम सफाई कामगार को निगम सभागार में बिदाई दी गई ।

बिदाई कार्यक्रम के पश्चात् पुरे सम्मान के साथ सभी सेवानिवृत्त वरिष्ठ कर्मचारियों को निगम परिवार की ओर से उपायुक्त श्री आर.बी. चौहान के निर्देशानुसार नगर निगम के वाहन से कर्मचारियों के निवास स्थान तक पहुंचाया गया। इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री चौहान ने कहा कि इन वरिष्ठ कर्मचारियों का निगम परिवार के बीच एक लम्बा समय व्यतीत किया है तथा इन्हे जो कार्य उच्चाधिकारियों द्वारा सौंपा गया उसका पालन इनके द्वारा किया गया ऐसे वरिष्ठ कर्मचारियों के कार्यशैली से ही संस्था का नाम रोशन होता है इनकी कार्य प्रणाली से अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों उको सीख लेकर अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। सेवानिवृत्त कर्मचारियों से श्री चौहान ने कहा कि वे अपने कार्य से सेवानिवृत्त हो रहें हैं मैं उनकी लम्बी उम्र एवं उज्जवल भविष्य की कामना करता हूॅ तथा निगम परिवार हमेशा आपके साथ रहेगा।

कार्यक्रम में कर्मचारी संघ की ओर से वकील अहमद, श्रवण ठाकुर, धर्मेन्द्र मिश्रा, रामायण सिंह, शरद दुबे, संजय शर्मा, कृष्णा देशमुख, नलनीश मिश्रा, सचिव जीवन वर्मा, पुरषोत्तम अठभैया, देवव्रत देवांगन, अजय शुक्ला, भारती बाबू, नारद शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी